RASHTRIYA SAHARA
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

प्रांशु और हिमांशु ने बाजी मारी

टीसीएस आईटी विज प्रतियोगिता

लखनऊ (एसएनबी)। देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी द्वारा आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता 'टीसीएस आईटी विज' के रीजनल राउंड में बुधवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर डी (कानपुर रोड) के छात्र प्रांशु अग्रवाल और हिमांशु ने पहला स्थान हासिल किया। रनर अप सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के अंश और समृद्ध कुदेशिया रहे। गोमती नगर स्थित संत गाडगे ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न स्कूलों के 1200 से ज्यादा छात्रों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप मिश्र और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनोज मिश्र ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

टीसीएस की आईटी विज प्रतियोगिता के विजेता प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप मिश्र के साथ, साथ हैं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनोज मिश्र, टीसीएस के लखनऊ प्रमुख जयन्त कृष्ण। फोटो : एसएनबी

इस अवसर पर टीसीएस लखनऊ के प्रमुख जयंत कृष्णा ने बताया कि कक्षा आठ से 12वीं के छात्रों में सूचना प्रौद्योगिकी विषय की जानकारी का स्तर और मेधा पहचानने के लिए कंपनी कई वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने बताया कि टीसीएस आईटी विज 2011 का आयोजन लखनऊ समेत दिल्ली, मुबंई, हैदराबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर, अहमदाबाद, कोचि शहरों में हो रहा है। इन 12 शहरों की विजेता टीमों के बीच फाइनल दिसम्बर माह में मुंबई में होगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों के साथ टीसीएस के सीईओ एन. चन्द्रशेखरन से भी मिलने का मौका मिलेगा।